बिहार लोक सेवा आयोग,

15, नेहरू पथ (बेली रोड), पटना–800001

आवश्यक सूचना

बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित MCQ (बहुविकल्पीय) आधारित परीक्षाओं की उत्तर प्रणाली को अधिक सुव्यवस्थित, पारदर्शी एवं अभ्यर्थी–अनुशासन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से संशोधित किया गया है।

पूर्व व्यवस्था के अंतर्गत प्रत्येक प्रश्न के लिए चार विकल्प (A, B, C, D) उपलब्ध कराए जाते थे, जिनमें से किसी एक विकल्प का चयन करना अनिवार्य नहीं था। इसके परिणामस्वरूप अनेक अभ्यर्थी कई प्रश्नों को अनुत्तरित (Unanswered) छोड़ देते थे।

परीक्षा व्यवस्था को अधिक सुदृढ़ एवं प्रमाणिक बनाने के लिए MCQ आधारित परीक्षाओं की उक्त प्रणाली में अब प्रत्येक प्रश्न के लिए पाँच विकल्प (A, B, C, D, E) प्रदान किए जायेंगे, जिसमें विकल्प 'E' का अर्थ 'प्रयास नहीं किया गया (Not Attempted)' होगा।

यदि अभ्यर्थी प्रश्न का उत्तर देना चाहते है, तो यह विकल्प (A, B, C, D) में से किसी एक का चयन करेंगे। यदि अभ्यर्थी प्रश्न का उत्तर नहीं देना चाहते हैं, तो विकल्प (E) का चयन करना अनिवार्य होगा।

यदि कोई अभ्यर्थी पाँचों विकल्पों (A, B, C, D, E) में से किसी का भी चयन नहीं करतें है, तो ऐसे प्रत्येक अनुत्तरित (Unanswered) प्रश्न पर नकारात्मक अंकन करते हुए 1/3 अंक की कटौती की जाएगी।

यह संशोधित व्यवस्था आगामी परीक्षाओं में प्रभावी होगी।

11/5/26

परीक्षा नियंत्रक
बिहार लोक सेवा आयोग, पटना।